फा.सं.ई.11011/3/2020-रा.भा.

भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

(राजभाषा अनुभाग)

तृतीय तल, पीटीआई बिल्डिंग,
संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
दिनांकः 16.02.2026

**विषय: पर्यटन मंत्रालय से संबंधित रिपोर्टों/विविध सामग्रियों आदि का हिंदी अथवा अंग्रेजी अनुवाद/टंकण के लिए पैनल तैयार करने हेतु इच्छुक एजेंसियों/कंपनियों से बोली/आवदेन/सहमति/दर की अभिव्यक्ति के संबंध में।**

पर्यटन मंत्रालय में विविध प्रकार के अनुवाद संबंधी कार्यों के समयबद्ध निपटान के लिए अनुवाद के क्षेत्र में कार्यरत एजेंसियों/कंपनियों का एक पैनल तैयार किया जाना है। इसी विषय से संबंधित निविदा दस्तावेज (संलग्न) में उल्लिखित शर्तों के अधीन इच्छुक एजेंसियों/कंपनियों से उनकी सहमति/दर आदि निर्धारित तिथि के भीतर आमंत्रित की जाती है।

**(मनोज कुमार दुबे)**
उप निदेशक (रा.भा.)
पर्यटन मंत्रालय, नई दिल्ली

सेवा में,

सभी इच्छुक एजेंसियां/कंपनियां

# निविदा

**विषय: पर्यटन मंत्रालय से संबंधित रिपोर्टों/विविध सामग्रियों आदि का हिंदी अथवा अंग्रेजी अनुवाद/टंकण के लिए पैनल तैयार करने हेतु इच्छुक एजेंसियों/कंपनियों से बोली/आवदेन/सहमति/दर की अभिव्यक्ति के संबंध में।**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत पर्यटन मंत्रालय निम्नलिखित शर्तों के अधीन अनुवाद कार्य करवाने हेतु एजेंसियों/कंपनियों का पैनल तैयार करने के लिए इच्छुक एजेंसियों/कंपनियों आदि से बोली/आवेदन/सहमति/दर की अभिव्यक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करता है:-

1. एजेंसी/कंपनी विधिवत पंजीकृत (रजिस्टर्ड) होनी चाहिए (इच्छुक होने पर जीएसटी नंबर उपलब्ध करवाया जाए)।

2. कार्य अनुभव- एजेंसी/कंपनी द्वारा किए गए कार्य का संक्षिप्त विवरण (संगठनों, कार्यालयों के नाम आदि) उपलब्ध करवाया जाए।

3. हिंदी से अंग्रेजी अथवा अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद, पुनरीक्षण, कम्प्यूटर पर टाइपिंग/फॉरमेटिंग तथा प्रूफ रीडिंग का समस्त कार्य एजेंसी द्वारा किया जाएगा। हिंदी टाइपिंग मंगल (यूनिकोड) फोंट (यथा निर्दिष्ट) में अपेक्षित है।

4. अंतिम हिंदी अथवा अंग्रेजी रुपांतर हर हाल में प्राथमिकता/तात्कालिकता के आधार पर निर्धारित तारीख और समय तक उपलब्ध करवाया जाएगा। हिंदी अथवा अंग्रेजी रुपांतर की सॉफ्ट प्रति उपलब्ध करवाई जाएगी तथा प्रूफ रीडिंग की पहली मूल प्रति स्कैन करके, प्रथम हिंदी अथवा अंग्रेजी रूपांतर के साथ उपलब्ध करवाई जाएगी।

5. हिंदी अथवा अंग्रेजी अनुवाद में किए गए संशोधन एवं पाई गई गलतियों को प्राथमिकता के आधार पर सुधार कर वापस किया जाएगा, जिसके लिए कोई अतिरिक्त प्रभार नहीं लिया जाएगा।

6. मंत्रालय संबंधी किसी भी सूचना को हर हाल में गोपनीय रखा जाएगा तथा संबंधित सामग्री का प्रयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जाएगा।

7. यदि कोई एजेंसी/कंपनी किसी कारणवश पैनल से हटना चाहती है तो 10 दिन पहले सूचित करना होगा।

8. पर्यटन मंत्रालय के पास यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि वह किसी भी समय बिना कोई कारण बताए एजेंसी/कंपनी की सेवाएं समाप्त कर सकता है।

उल्लेखनीय है कि मंत्रालय द्वारा समय-समय पर हिंदी अथवा अंग्रेजी अनुवाद सामान्य अथवा तत्काल आधार पर करवाया जा सकता है। सामान्य अनुवाद निर्धारित समयावधि के अंदर उपलब्ध करवाना और समयबद्ध अनुवाद तत्काल आधार पर उसी दिन अथवा बताई गई समय-सीमा के अंदर उपलब्ध करवाना अपेक्षित है।

अत: अनुरोध है कि यदि आप पर्यटन मंत्रालय द्वारा निर्धारित उपर्युक्त मानदंडों/शर्तों के अनुसार कार्य करने के लिए सहमत हैं, तो कृपया 24.02.2026 तक अपनी सहमति और अनुवाद से संबंधित अपनी अपेक्षित दरें ई-मेल hindisection2012@gmail.com पर अवश्य भेज दें।

न्यूनतम उद्धृत दर प्रस्तुत करने वाली एजेंसी की दर पर अन्य एजेंसियों से सहमति प्राप्त होने के उपरांत विधिवत पैनल तैयार किया जाएगा। तत्पश्चात कार्य की उपलब्धता एवं तात्कालिकता के आधार पर एजेंसियों/कंपनियों को कार्य सौंपे जाएंगे।

**(मनोज कुमार दुबे)** 16.02.26
उप निदेशक (रा.भा.)
पर्यटन मंत्रालय, नई दिल्ली

F.No. E.11011/3/2020-O.L.
Government of India
Ministry of Tourism
(Official Language Section)

3rd Floor, PTI Building,
Parliament Street, New Delhi-110001
Dated: 16.02.2026

**Subject:- Inviting bids/applications/consent/expression of rates from interested agencies/companies for preparing empanelment for translation/typing of reports/miscellaneous materials etc. from English to Hindi or vice versa related to Ministry of Tourism.**

A panel of agencies/companies engaged in the field of translation is being prepared for the timely completion of time-bound various translation-related assignments of the Ministry of Tourism. Interested agencies/companies are invited to submit their proposals/quotes within the stipulated date, subject to the terms and conditions set out in the relevant tender document (enclosed).

**(Manoj Kumar Dubey)**
**Deputy Director (O.L.)**
**Ministry of Tourism, New Delhi**

**To,**
**All interested agencies/companies**

मनोज कुमार दुबे/MANOJ KUMAR DUBEY
उप निदेशक/Deputy Director
पर्यटन मंत्रालय/Ministry of Tourism
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

# Tender

**Subject:- Inviting bids/applications/consent/expression of rates from interested agencies/companies for preparing empanelment for translation/typing of reports/miscellaneous materials etc. in Hindi or English related to Ministry of Tourism.**

Under the above subject, Ministry of Tourism invites bids/applications/expression of consent/rates from interested agencies/companies etc. for empanelment of agencies/companies for carrying out translation work subject to the following conditions:-

1. The agency/company should be duly registered (GST number to be provided if desired).

2. Work Experience - Brief details of work done by the agency/company (names of organizations, offices, etc.) should be provided.

3. All translation from Hindi to English or vice versa, revision, computer typing/formatting, and proofreading will be performed by the agency. Hindi typing is required in Mangal (Unicode) font (as specified).

4. The final Hindi or English version has to be made available by the specified date and time, depending on priority/urgency. A soft copy of the Hindi or English version has to be made available, and the first scanned proofreading copy also has to be made available along with the first Hindi or English version.

5. Any corrections made in the Hindi or English translation and any errors found will be corrected and returned on priority basis, for which no additional charges will be levied.

6. Any information related to the Ministry will be kept confidential under all circumstances and the material concerned will not be used for any other purpose.

7. If any agency/company wishes to withdraw from the panel for any reason, it will have to inform 10 days in advance.

8. The Ministry of Tourism reserves the right to terminate the services of the agency/company at any time without assigning any reason thereof.

It is noteworthy that the Ministry may, from time to time, seek Hindi or English translations on a routine or urgent basis. Normal translations are required to be provided within the stipulated timeframe, while urgent translations are required to be provided in given timeframe, either on the same day or within the specified timeframe.

Therefore, it is requested that if the concerned agency/company agrees to work as per the above mentioned norms/conditions laid down by the Ministry of Tourism, it should send it's consent and your expected rates for translation by e-mail to hindisection2012@gmail.com by 24.02.2026.

A formal empanelment will be established after the agency submitting the lowest quoted rate is agreed upon by other agencies. Work will then be awarded to agencies/companies based on availability and urgency.

**(Manoj Kumar Dubey)**
**Deputy Director (O.L.)**
**Ministry of Tourism, New Delhi**

मनोज कुमार दुबे/MANOJ KUMAR DUBEY
उप निदेशक/Deputy Director
पर्यटन मंत्रालय/Ministry of Tourism
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi